# पांच कॉलोनियों के पास सीमांकन करने दल गठित

**अवैध कॉलोनियों में शासकीय भूमि का उपयोग जांचने सभी एसडीएम को निर्देश**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 06 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा सभी एसडीएम को निर्देश जारी किये गये है कि अवैध कॉलोनियों की प्लाटिंग एवं रास्तों में शासकीय भूमि का उपयोग तो नही किया गया है, इस संबंध में शासकीय भूमियों का सीमांकन करने तथा उन्हें संरक्षित करने के साथ ही शासकीय भूमि को विक्रय करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी एवं धारा 248 अंतर्गत कार्यवाही कर भूमि को मुक्त कराया जायेगा।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने सभी एसडीएम को निर्देश जारी किये है कि तीन दिवस के भीतर अभियान मोड में ऐसी कॉलोनियों को चिन्हित किया जायें, जहां शासकीय भूमि का अनाधिकृत उपयोग कर प्लाटिंग की गई है, शासकीय भूमि को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से चिन्हित स्थानों पर संयुक्त दल गठित कर सीमांकन की कार्यवाही की जायें। शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा एवं प्लाटिंग वाले स्थलो की सूची तैयार कर स्थल निरीक्षण किया जाये तथा शासकीय भूमि पर राजस्व अभिलेखो के आधार पर सटिक सीमांकन कराया जायें। सीमांकन उपरांत शासकीय भूमियों की तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए तार फेसिंग आदि मुड्डीयां चिन्ह लगाये जायें। जहां कही भी शासकीय भूमि का अनाधिकृत उपयोग पाया जायें, वहा संबंधित व्यक्तियों एवं कॉलोनाइजरों के विरूद्ध धारा 248 के तहत बेदखली की कार्यवाही करते हुए जुर्माना अधिरोपित किया जायें। उक्त कार्यवाहियां 15 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश जारी किये गये है।

**5 कॉलोनियों के पास स्थित शासकीय भूमि का सीमांकन करने दल गठित**

तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा द्वारा मठेपुरा, जैदा, हसनपुर हवेली, बगवाज स्थित 5 अवैध कॉलोनियों के पास स्थित शासकीय भूमि के सीमांकन हेतु दल गठित किये गये है। तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा ने प्रस्तुत प्रतिवेदन में उक्त स्थानों पर काटी गई कॉलोनियों में शासकीय भूमि के उपयोग की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए सीमांकन कराये जाने के लिए दल गठित किया है। यह दल तीन दिन में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

उन्होंने बताया कि ग्राम हसनपुर हवेली में महेशचंद गर्ग पुत्र रामस्वरूप गर्ग द्वारा काटी गई कॉलोनी के पास स्थित शासकीय सर्वे क्रमांक 67 एवं 66/2, ग्राम बगवाज में अंजली गुप्ता पत्नि कृष्ण कुमार गुप्ता के नाम से काटी गई कॉलोनी के पास स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 562, ग्राम जैदा में अशोक कुमार सर्राफ पुत्र कुंजबिहारी सर्राफके नाम से काटी गई कॉलोनी के पास स्थित शासकीय सर्वे क्रमांक 78 एवं 90 तथा मठेपुरा में रामलखन पुत्र प्रहलाद मीणा तथा महेन्द्र पुत्र सियाराम आदि के नाम से काटी गई कॉलोनियों के पास स्थित शासकीय सर्वे क्रमांक 17/2, 23/1, 24/12 का सीमांकन कराया जायेगा।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा निर्देश जारी किये गये है कि अवैध कॉलोनियों में शासकीय भूमि को शामिल कर प्लाटिंग की गई है तो इन कॉलोनियों में प्लाट नही खरीदे। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि शासकीय भूमि को शामिल कर अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है, ऐसे लोगों की कॉलोनियों में प्लाट नही खरीदें। उन्होंने कहा कि लोगों को भू-खण्ड की वैधता के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने तथा उचित परामर्श देने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में कॉलोनी सेल का गठन किया गया है। इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर संजय जैन से संपर्क स्थापित कर जानकारी ली जा सकती है कि किस कॉलोनी में भू-खण्ड खरीदना वैध रहेगा।

# काशीराम को संबल, तहसीलदार को दिये अमल कराने के निर्देश

**जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित**



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 06 जनवरी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद द्वारा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास योजना, पोषण आहार, खाद्यान पात्रता पर्ची से संबंधित आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर आवेदको को लाभ के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जनसुनवाई के दौरान कुल 136 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्य आनंद द्वारा जनसुनवाई के दौरान बडौदा रोड श्योपुर निवासी काशीराम बैरवा के आवेदन का निराकरण करते हुए अवगत कराया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत दो लाख रूपये की राशि का ईपीओ जारी हो गया है, शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से राशि प्राप्त होगी। बैरवा द्वारा अपनी पत्नि स्व. श्रीमती ममता बाई की सामान्य मृत्यु पर मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि दिये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत कर मांग की गई थी। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्य आनंद द्वारा जनसुनवाई के दौरान नायब तहसीलदार रघुनाथपुर को दूरभाष पर निर्देश दिये कि पारित आदेश का राजस्व अभिलेख में पटवारी के माध्यम से अमल कराया जायें। संदीप शर्मा निवासी रघुनाथपुर ने आवेदन प्रस्तुत किया कि उसके द्वारा रघुनाथपुर में 3300 वर्गफीट भूमि रजिस्ट्री के माध्यम से क्रय की गई थी, विक्रय पत्र उपरांत राजस्व न्यायालय से नामांतरण भी कराया था, लेकिन लिपिकीय त्रुटिवश उक्त सर्वे नंबर पर क्रेता अर्थात उसका नाम विलोपित हो गया था, इसके बाद नायब तहसीलदार रघुनाथपुर के यहां प्रस्तुत आवेदन पर उसका नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज करने का आदेश पारित किया गया, लेकिन संबंधित पटवारी द्वारा अभी तक उसके नाम की दुरूस्ती नही की गई है, इस संबंध में वह कई बार आवेदन प्रस्तुत कर चुका है। इस मामले में सीईओ जिला पंचायत द्वारा दूरभाष पर नायब तहसीलदार को निर्देश दिये गये कि पटवारी से आदेश का अमल कराया जायें। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्य आनंद द्वारा जनसुनवाई में अनुपस्थित रहे 8 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये है, जिनमें डीएमओ सतेन्द्र सिंह, एनएच से ज्ञानवर्धन मिश्रा, एमपीआरडीसी प्रबंधक सुनील पुआरे, हाउसिंग बोर्ड से एमडी अवस्थी, मंडी सेकेट्ररी राजेश साकेत, प्रभारी जिला पंजीयक दुष्यंत दीक्षित, प्राचार्य महाविद्यालय ओपी शर्मा, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार एवं डीपीएम एनआर एलएम एसके मुदगल शामिल है।

# प्राथमिक शिक्षक एवं निजी स्कूल संचालक को नोटिस जारी

**श्योपुर, 06 जनवरी।** जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग द्वारा हिन्दुधर्म एवं देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी किये जाने का गीत गायक के साथ दोहराये जाने का वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले में प्राथमिक शिक्षक सहित निजी स्कूल के संचालक प्राचार्य को नोटिस जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि उक्त मामला संज्ञान में आने के बाद प्राथमिक शिक्षक श्रीमती मीना मौर्य शासकीय प्राथमिक विद्यालय शिकारगाह को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए दो दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया है। उत्तर प्राप्त न होने अथवा समाधानकारक न होने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार अशासकीय ग्लोबल विजन स्कूल ढोढर के संचालक प्राचार्य को भी उक्त मामले में स्कूल की मान्यता समाप्त किये जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया है। संतोषजनक उत्तर नही मिलने की स्थिति में कार्यवाही की जायेगी।

# रेडक्रॉस सोसायटी ने सेवा सप्ताह अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता की आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 06 जनवरी।** अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी श्योपुर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा श्योपुर द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे सेवा सप्ताह अतंर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अमित सूद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। इसके साथ ही उपाध्यक्ष जुगल बंसल, सचिव दिनेश राज दुबोलिया, जिला प्रतिनिधि बी.के. सक्सेना, प्रबंध समिति सदस्य विष्णु बाल्मीकि आदि उपस्थित थे।

स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ईश्वर वैष्णव (एम.ए. प्रथम सेमेस्टर), द्वितीय स्थान शिवानी बाल्मीकि (बी.ए. तृतीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान अंशिका पारीक (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है, जिन्हें सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर आयोजित युवा दिवस 12 जनवरी 2026 को सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ.पी. शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। जिला सचिव दिनेश राज दुबोलिया ने विद्यार्थियों को सेवा, राष्ट्रभक्ति एवं युवा शक्ति की भूमिका पर प्रेरित करते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय से अवगत कराया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. भूपेंद्र हरदेनिया ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि रेडक्रॉस शाखा श्योपुर द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती अवसर पर 6 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक च्सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है।

# राजमिस्त्री प्रशिक्षण का हुआ आयोजन,वित्तीय सहयोग उपलब्ध करायें : सीईओ

**रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करें**



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 06 जनवरी।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने कहा कि परम्परागत व्यवसाय से संबंधित कौशल विकास उन्नयन के प्रशिक्षण अधिक से अधिक आयोजित किये जायें तथा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को शासन की विभिन्न रोजगारमूलक योजनाओं में ऋण प्रदान कर उन्हें वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जायें। वे आज ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में एनआरएलएम के सहयोग से संचालित 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित रही थी। इस अवसर पर प्रशिक्षक मनीष प्रजापति, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, निदेशक आरसेटी गोडफ्रेलाकरा, प्रमोद राय डीएम स्किल एसआरएलएम, पंकज कानवा फैकल्टी, दीपक शर्मा फैकल्टी, लेखराज सिंह, ब्रजेश गौड़ व आरसेटी स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी 34 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थियो को अपना स्वरोजगार स्थापित करने के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओ के माध्यम से उनके ऋण प्रकरण बैंको से समन्वय स्थापित कर ऋण प्रदान करने में सहायता करे। आरसेटी श्योपुर में आयोजित प्रशिक्षण के सामापन अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सौम्या आनंद द्वारा आरसेटी में आवास, प्रशिक्षण कक्ष, भेजन व्यवस्था का अवलोकन किया गया तथा प्रशिक्षणार्थियो से संवाद कर प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में एनआरएलएम के सहयोग से 34 राजमिस्त्रियों को कराहल विकासखण्ड क्षेत्र के ग्रामों में पीएम जनमन योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों में वर्क ऑन फील्ड प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

# उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 16 जनवरी तक

**संयुक्त चयन परीक्षा से कराहल, विजयपुर के मॉडल स्कूलों में भी मिलेगा प्रवेश**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 06 जनवरी।** मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सर्वसुविधायुक्त जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर एवं कराहल, विजयपुर में संचलित मॉडल स्कूलों की कक्षा 9 में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली संयुक्त चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 जनवरी तक किये जा सकते है। इस परीक्षा में इस वर्ष कक्षा 8वी में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। परीक्षा में शामिल होने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है, जबकि संयुक्त चयन परीक्षा की संभावित तिथि 8 फरवरी 2026 निर्धारित है।

विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क अथवा स्वयं डेबिट, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से आवेदन शुल्क 200 रूपये (पोर्टल शुल्क सहित) भुगतान कर लिंक पर जाकर आवेदन कर सकते है। आवेदन हेतु विद्यार्थियों को कक्षा 7 की अंकसूची, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यागता प्रमाण पत्र (यदि आवश्यक हो) आदि की आवश्यकता होगी।

विद्यालय प्रशासन ने जिले के समस्त विद्यार्थियों व अभिभावकों एवं संस्था के प्रभारियों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर छात्र छात्राओं के आवेदन भरवाना सुनिश्चित करें, जिससे वह चयन परीक्षा में सम्मिलित होकर इन विद्यालयों में प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर में ग्रामीण छात्र छात्राओं के लिए 100- 100 सीटर अत्याधुनिक सुविधायुक्त छात्रा वास की सुविधा भी उपलब्ध है विद्यालय में कक्षा 9 से 12 वीं तक हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं में विज्ञान, गणित, वाणिज्य, कला, कृषि संकाय हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में संचालित है।



# संवेदीकरण जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 06 जनवरी।** बाल विवाह न करने के लिए 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्ति भारत अभियान अंतर्गत ग्राम लाडपुरा में संवेदीकरण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहायक संचालक रिशु सुमन, सुश्री द्विव्याद भारसकर देशमुख सब इंजीनियर एनएचएम, श्रीमती अरूणा जादौन प्रभारी परियोजना अधिकारी विजयपुर, सुपरवाइजर श्रीमती प्रेमलता नामदेव उपस्थित रहे।

इस अवसर पर रिशु सुमन द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि बालक बालिकाओं का कम उम्र में विवाह न करते हुये उन्हें शिक्षा के प्रेरित किया जायें तथा बालिका की उम्र 18 व बालक की उम्र 21 वर्ष हो तभी उनका विवाह करें। साथ ही वहां उपस्थित बच्चों व अभिभावको को गुड टच व बेड टच के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षित वातावरण प्रदान करना अभिभावको की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में अंत में सभी के द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए शपथ ली गयी।

# एनआरसी विजयपुर का अवलोकन

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 06 जनवरी।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में सहायक संचालक महिला बाल विकास विभाग रिशु सुमन द्वारा आज विजयपुर अस्पताल में संचालित पोषण पुर्नवास केन्द्र का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर सब इंजीनियर एनएचएम सुश्री दिव्या भारसकर देशमुख, डॉ. प्रमोद गहलोत, श्रीमती अरूणा जादौन प्रभारी परियोजना अधिकारी विजयपुर एवं केयर टेकर रश्मि बंसल उपस्थित रहे। एनआरसी के भ्रमण के दौरान सहायक संचालक रिशु सुमन द्वारा एनआरसी में प्रदाय की जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा बच्चों के अभिभावको से संवाद करते हुए उन्हें समझाइश दी गई कि बच्चों को 14 दिन तक एनआरसी में रखें, जिससे उचित पोषण प्राप्त होने के साथ ही उनकी उचित देखभाल हो सकें। इस दौरान बच्चों के पोषण के साथ ही स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर भी चर्चा की गई।

# नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया, उपहार भेंट किये







**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 06 जनवरी।** महिला एवं बाल विकास परियोजना विजयपुर कार्यालय पर नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया तथा उपहार भेंट किये गये।

इस अवसर पर सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास रिशु कुमार सुमन, सब इंजीनियर एनएचएम सुश्री दिव्या भारसकर देशमुख, प्रभारी परियोजना अधिकारी विजयपुर श्रीमती अरूणा जादौन एवं सुपरवाइजर श्रीमती प्रेमलता नामदेव उपस्थित रहे।

बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना के तहत लैंगिक समानता और बालिकाओं की शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उददेश्य से बेटी के जन्म पर उत्सव मनाने की सकारात्माक पहल के तहत नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया तथा बालिका मनु माता श्रीमती अंजू कुशवाह, बालिका नियति कुशवाह माता श्रीमती पूजा कुशवाहा बालिका मानवी तिवारी माता श्रीमती कृष्णा तिवारी, बालिका दिव्यांशी बंसल माता श्रीमती शिखा बंसल, बालिका दिव्या गुप्ता माता श्रीमती आशा गुप्ता बालिका शिवांशी गोयल माता श्रीमत रेनू गोयल, बालिका शानवी सोनी माता श्रीमती शिवानी बालिका तृषा कुशवाहा माता श्रीमती हसीना, बालिका आध्या बुंदेला माता श्रीमती रूबी आदि नवजात बालिकाओ के उपयोग हेतु बेबी किट, मच्छरदानी व अन्य उपहार भेंट किये गये।

# अटल सेवा केन्द्रों की शुरूआत, मिलेगा सेवाओं का लाभ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 06 जनवरी।** श्योपुर जिले की ग्राम पंचायतों में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ करने के उद्देश्य से अटल सेवा केन्द्रों की शुरूआत की गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में जिले की कई ग्राम पंचायतों में अटल सेवा केंद्र (सीएससी) स्थापित गये है। जिनके माध्यम से विभिन्न जनसेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को आसानी से उपलब्ध हो सकेंगा। इसके लिए उन्हें दूर दराज कस्बा शहर नही जाना पडेगा।

ई-गर्वेनेस प्रबंधक धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि दाऊदपुर, जलालपुरा, तलावदा, सोंठवा, हिरनीखेड़ा, मोरेका, जवासा, कुन्हाजापुर, श्यामपुर, सुनवई, सारंगपुर, रघुनाथपुर, पुरा, मालीपुरा, नगदी, मखनाखेड़ली, जानपुरा, मेवाड़ा, किशनपुरा, धिरोली, प्रेमसर, गोपालपुरा, अडवाड़, छोटाखेड़ा, बड़ाकलां, बागदरी, सलमान्या, बनवाडा, बलावनी, खिरखिरी, अलापुरा, ज्वालापुर, आसीदा, सोइकलां, उपचा, अरोद, इकलोद, पार्वती बडौदा सहित अन्य पंचायतो में अटल सेवा केन्द्र शुरू किये गये है। इनके माध्यम से ग्रामीण समग्र आईडी से संबंधित सभी कार्य, आय, मूलनिवासी एवं जाति प्रमाण पत्र, पैन कार्ड एवं पेंशन सेवाएं, फार्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, ई-श्रम एवं संबल कार्ड, आधार कार्ड से संबंधित सेवाएं, बैंक खाता, पासपोर्ट व यात्रा टिकट, वाहन बीमा, टेली-लॉ (हाईकोर्ट के वकीलों से नि:शुल्क कानूनी सलाह), कोर्ट से संबंधित कार्य, ई-केवायसी एवं आदि सभी सरकारी ऑनलाइन सेवाएं प्राप्त कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7048992698 से संपर्क कर सकते है।

# पीएम आवास सर्वे में भारी गड़बड़ी का आरोप, 71 पात्र हितग्राही वंचित

**7 दिन में नाम न जोड़े गए तो 13 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी**



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 6 जनवरी।** जनपद पंचायत विजयपुर की ग्राम पंचायत आरोदा में प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक द्वारा कराए गए पीएम आवास सर्वे में 71 पात्र हितग्राहियों के नाम जानबूझकर नहीं जोड़े गए, जबकि कई ऐसे लोगों के नाम सूची में शामिल कर दिए गए हैं जिनके पास पहले से पक्के मकान हैं या जो अपात्र श्रेणी में आते हैं। इस संबंध में ग्रामवासियों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत विजयपुर को लिखित शिकायत सौंपते हुए निष्पक्ष जांच एवं वंचित हितग्राहियों के नाम पीएम आवास सूची में जोड़ने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सर्वे में गरीब, विधवा, बेघर और कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों को दरकिनार कर दिया गया, जबकि प्रभावशाली और संपन्न लोगों को लाभार्थी बना दिया गया। शिकायत पत्र में 71 वंचित हितग्राहियों की सूची भी संलग्न की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिवस के भीतर सभी पात्र हितग्राहियों के नाम पीएम आवास सर्वे सूची में नहीं जोड़े गए, तो वे 13 जनवरी 2026 से ग्राम पंचायत भवन आरोदा के सामने अनिश्चि तकालीन हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे।

आंदोलन की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस मामले को लेकर ग्राम में आक्रोश का माहौल है और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए।

# गंदे पानी से रहवासी परेशान,प्रशासन का नहीं है ध्यान



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर,06जनवरी।** नदी किनारे विधायक बोर को कवर्ड करने के बारे में नगरपालिका अध्यक्ष ब सीएमओ की रूची नहीं है इस कुये मैं बार्ड क्रमांक 1ब2 का ब कुछ गांन्धी चौंक से भी गंन्दा पानी ब बार्ड क्रमांक 1 की खुली लैर्टिनो का पानी भी जाता है ,अनेकौ बार समाचारपत्रौ मैं समाचार प्रकाशित हुये पर बिजयपुर के प्रशासनिक अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है , अब देखना यह है कि शासन प्रशासन ने स्बक्ष जल प्रदाय कर्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के आदेश पर नगर परिषद सीएमओ कितने खरे उतरेंगे।

# दांतरदा विद्यालय में कॉलेज चलो अभियान आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 06 जनवरी।** कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा के निर्देशन में शासकीय पीजी महाविद्यालय की टीम द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दांतरदा में कॉलेज चलो अभियान के तहत विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विपिन बिहारी शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम और योजनाओं तथा कार्यक्रम जिला नोडल अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाली विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के बारे मे जानकारी प्रदान की गई। डॉ करन सिंह सैनी द्वारा कैरियर मार्गदर्शन के संबंध में अवगत कराया गया।